Roll No. …………………..

# MAHD–07

(भाषा विज्ञान)

M. A. Hindi (MAHD-10)

Second Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों का चयन करना है।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भाषा विज्ञान का अन्य सामाजिक विज्ञान से सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए।
2. लिपियों के इतिहास की समीक्षा कीजिए।
3. हिन्दी की उपभाषाएँ तथा बोलियों का परिचय दीजिए।
4. संविधान और हिन्दी विषय पर निबन्ध लिखिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भाषा के अर्थ एवं परिभाषा पर टिप्पणी कीजिए।
2. हिन्दी की शब्द-संपदा पर विचार कीजिए।
3. विश्व के प्रमुख भाषा परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
4. अर्थ परिवर्तन की विशेषताएँ बताइये।
5. शैली विज्ञान का उद्भव कैसे हुआ ?
6. अनुप्रयुक्त भाषा विज्ञान किसे कहते हैं ?
7. व्युत्पत्ति के आधार पर शब्द-भेद कीजिए।
8. ध्वनि-परिवर्तन के सोदाहरण पाँच कारण बताइये।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. खड़ी बोली की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई ?
2. हिन्दी भाषा में कितनी बोलियाँ हैं ?
3. ऐ औ में कौन-सा स्वर है ?
4. र में किस प्रकार की ध्वनि है ?
5. 'वाक्य प्रदीप' किसकी रचना है ?

6. सर्वप्रथम अर्थ विज्ञान का स्वतन्त्र अध्ययन करने वाले का नाम लिखिये।

7. संस्कृत से मूल रूप में लिखे गये शब्द क्या कहलाते हैं ?

8. 'ध्वन्यालोक' के रचनाकार कौन हैं ?

9. कोमल तालु .............................. वागवयव है। (सचल / अचल)

10. स का उच्चारण .............................. से होता है।
(जिह्वानोक / जिह्वाफलक)